# कार्यालय प्राचार्य
## स्व.रामनाथ वर्मा शासकीय महाविद्यालय,मोपका निपनिया
## जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा पिन–493118 (छ.ग)

**College Code-1253 website-www.gcmopka.in Email-govtnaveencollegemopka@gmail.com**


क्रमांक / 400 / पं. मु. / 2025 मोपका दिनांकः 04 / 11 / 2025

प्रति,

उप कुलसचिव (प्रशा.)
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय
रायपुर ( छ.ग)

विषयः– पंचमुखी विकास कार्यक्रम प्रतिवेदन माह–अक्टूबर 2025

संदर्भः– आपका पत्र क्र.2236 / सा.प्रशा. / स्वच्छता / एफ–65 / 2017 / रायपुर दिनांक 12.06.2017

1. 01 / 10 / 2025 को महाविद्यालय में स्वैच्छिक रक्तदान दिवस मनाया गया।
2. 02 / 10 / 2025 को महाविद्यालय एवं ग्राम मोपका में गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता ही सेपा के अंतर्गत स्वच्छता दीदीयों के साथ स्वच्छता अभियान किया गया।
3. 02 / 10 / 2025 को आंगनबाड़ी में पोषण सप्ताह के अंतर्गत पोषण कार्यक्रम मनाया गया।
4. 18 / 10 / 2025 को सांस्कृतिक समिति एवं रासेयो स्वयंसेवक द्वारा सुवा नृत्य का प्रदर्शन ग्राम मोपका में किया गया साथ ही ग्राम वासियों को नशामुक्ति से संबंधित जागरूक किया गया।
5. 31 / 10 / 2025 को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया।

A. Saini
(डॉ.अभिलाषा सैनी)
प्राचार्य
स्व.रामनाथ वर्मा शासकीय
महाविद्यालय मोपका – निपनिया
जि.बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)

संलग्नः– फोटोग्राफ।

पृ.क्रमांक / 401 / पं. मु. / 2025 मोपका दिनांकः 04 / 11 / 2025

प्रतिलिपिः–

01.आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय, इन्द्रावती भवन अटल नगर रायपुर (छ.ग.)।
02.प्राचार्य शासकीय डी. के स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबजार को सूचनार्थ।


A. Saini
(डॉ.अभिलाषा सैनी)
प्राचार्य
स्व.रामनाथ वर्मा शासकीय
महाविद्यालय मोपका – निपनिया
जि.बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)

# कार्यालय प्राचार्य
## स्व.रामनाथ वर्मा शासकीय महाविद्यालय,मोपका निपनिया
## जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा पिन–493118 (छ.ग)

**College Code-1253** **website-www.gcmopka.in** **Email-govtnaveencollegemopka@gmail.com**


**01 / 10 / 2025 को महाविद्यालय में स्वैच्छिक रक्तदान दिवस मनाया गया।**






**02 / 10 / 2025 को महाविद्यालय एवं ग्राम मोपका में गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता ही सेपा के अंतर्गत स्वच्छता दीदीयों के साथ स्वच्छता अभियान किया गया।**












### छात्र-छात्राओं ने मिलकर परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

भाटापारा @ पत्रिका. राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर स्व. रामनाथ वर्मा शासकीय महाविद्यालय मोपका-निपनिया जिला बलौदाबाजार-भाटापारा)में सेवा पखवाड़ा 2.0 के अंतर्गत स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. अभिलाषा सैनी के निर्देशन और राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी प्रियंका पाटले के नेतृत्व में हुआ।अभियान की शुरुआत गांधीजी के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद उपस्थित जनों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। स्वयंसेवकों के साथ ग्राम मोपका सरपंच डॉ. चेतन वर्मा और स्वच्छता दीदी ने भी सक्रिय सहयोग दिया।कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय परिसर और खेल मैदान में व्यापक सफाई की गई। छात्र-छात्राओं और स्वयंसेवकों ने मैदान से कचरा उठाया, झाड़ू लगाई और परिसर को स्वच्छ एवं आकर्षक बनाया। इस दौरान स्वच्छता अपनाओ - स्वस्थ भारत बनाओ और गांधी के सपनों को साकार करें - गंदगी को बाहर करें जैसे नारे भी लगाए गए।सरपंच डॉ. चेतन वर्मा ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि जीवन का हिस्सा होना चाहिए। वहीं स्वच्छता दीदी ने संदेश दिया कि स्वच्छ वातावरण से ही स्वस्थ जीवन संभव है और गांधीजी का स्वच्छ भारत का सपना तभी पूरा होगा जब हम सब इसे आदत बनाएं।अभियान में अंजू वर्मा, तारणि साहू, सुमन ध्रुव, राजेश्वर बंजारे, लक्की सोनी, इंद्र कुमार, तरीका साहू, सुमन सतनामी, गौरी यदु सहित अन्य विद्यार्थी व ग्रामीण भी उपस्थित रहे। गांधी जयंती पर आयोजित यह अभियान स्वच्छता, सेवा और संकल्प का सशक्त संदेश देने में सफल रहा।

# कार्यालय प्राचार्य
## स्व.रामनाथ वर्मा शासकीय महाविद्यालय,मोपका निपनिया
## जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा पिन–493118 (छ.ग)

**College Code-1253** **website-www.gcmopka.in** **Email-govtnaveencollegemopka@gmail.com**


02/10/2025 को आंगनबाड़ी में पोषण सप्ताह के अंतर्गत पोषण कार्यक्रम मनाया गया।







18/10/2025 को सांस्कृतिक समिति एवं रासेयो स्वयंसेवक द्वारा सुवा नृत्य का प्रदर्शन ग्राम मोपका में किया गया साथ ही ग्राम वासियों को नशामुक्ति से संबंधित जागरूक किया गया।











### सुआ नृत्य, राउत नाचा से दिया सामाजिक संदेश

नईदुनिया न्यूज, भाटापारा मोपका : धनतेरस के पावन अवसर पर निर्मल ग्राम पंचायत मोपका में नशा मुक्ति अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान ग्राम के सरपंच डॉ. चेतन वर्मा के निर्देशानुसार आयोजित किया गया, जिसमें ग्राम के बच्चों और युवाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से समाज में नशा के दुष्परिणामों को उजागर किया। कार्यक्रम में शासकीय महाविद्यालय स्व. रामनाथ वर्मा एवं लक्ष्य नर्सरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सुआ नृत्य, राउत नाचा और दोहों के माध्यम से नशे के खिलाफ जनजागरूकता फैलाने का कार्य किया। इन प्रस्तुतियों ने उपस्थित ग्रामीणों को गहराई से प्रभावित किया।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत के अनेक जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपसरपंच संजय वर्मा, पंच रामेश्वर नवरंगे, परदेशी यादव, सोमेंद्र साहू, रोहित साहू, लोकेश्वर साहू, पंचायत कर्मचारी यादव लाल धीवर एवं महिला कमांडो दल की सदस्याएं उपस्थित रहीं। ग्रामवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि त्योहारों को केवल उत्सव के रूप में नहीं, बल्कि सामाजिक सुधार के माध्यम के रूप में भी देखा जाना चाहिए। सरपंच डॉ. चेतन वर्मा ने कहा कि ग्राम पंचायत आने वाले समय में भी ऐसे अभियान चलाकर गांव को नशा मुक्त और स्वच्छ बनाने की दिशा में काम करती रहेगी।

ग्राम पंचायत मोपका में चला नशा मुक्ति अभियान। • नईदुनिया

# कार्यालय प्राचार्य
## स्व.रामनाथ वर्मा शासकीय महाविद्यालय,मोपका निपनिया
## जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा पिन–493118 (छ.ग)

**College Code-1253** **website-www.gcmopka.in** **Email-govtnaveencollegemopka@gmail.com**

31 / 10 / 2025 को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया।






A. Saini
(डॉ.अभिलाषा सैनी)
प्राचार्य
स्व.रामनाथ वर्मा शासकीय
महाविद्यालय मोपका – निपनिया
जि.बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)